डॉ. नृपेंद्र प्रसाद मोदी बने भारतीय गांधी अध्ययन संस्थान के उपाध्यक्ष

वर्धा, 27 अक्टूबर, 2016 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय के विकास एवं शांति अध्ययन विभाग के अध्यक्ष डॉ. नृपेन्द्र प्रसाद मोदी भारतीय गाँधी अध्ययन संस्थान के दोबारा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए है । उत्तर उड़ीसा विश्वविद्यालय, बारीपद (उड़ीसा) में 21 से 23 अक्टूबर, 2016 को संपन्न हुए 39वें वार्षिक अधिवेशन में डॉ. मोदी को सर्वसम्मति से अगले दो वर्षो के लिये राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चुना गया। इसके पहले डॉ. मोदी संस्थान के कोषाध्यक्ष भी रह चुके हैं तथा उनके नेतृत्व में संस्थान का 36वाँ अधिवेशन महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा में सफलतापूर्वक कराया गया था। डॉ. मोदी के प्रयासों से उत्तर उड़ीसा विश्वविद्यालय में गाँधी अध्ययन एवं विवेकानंद अध्ययन के नये पाठ्यक्रम भी प्रारंभ किये जाने की घोषणा उत्तर उड़ीसा विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा की गई है।

डॉ. मोदी ने उपाध्यक्ष निर्वाचित होने पर प्रो. राम जी सिंह तथा कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र का आभार माना जिनके प्रयासों से गाँधी विचार नई ऊचाईयों को छू रहा है। डॉ. मोदी की इस सफलता पर विश्वविद्यालय के सभी अध्यापकों , कर्मियों एवं शोधार्थियों ने उनका अभिनंदन किया है।